आकाशवाणी शिमला
13.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

कांग्रेस

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के चलते भाजपा की ओर से किए जा रहे जुबानी हमलों पर पलटवार करते हुए, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि चुनाव परिणाम से साफ हो जाएगा की किसका मानसिक संतुलन खराब है और किसे ईलाज की जरूरत है। शिमला में संजय अवस्थी ने कहा कि इन चुनावों के लिए कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा के पास उम्मीदवार नहीं थे और इसीलिए भाजपा को बरखास्त नेताओं को चुनावी मैदान में उतारना पड़ रहा है। संजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में आज मुहर लगेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास प्रत्याशियों की कमी नहीं है। संजय अवस्थी ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें अब रील और रियल लाईफ का अंतर समझ आ रहा है। अवस्थी ने कहा कि कंगना पहली बार बिना स्क्रिपट के कुछ बात कह रही है इसलिए व इस तरह की बातें करती हुई नजर आ रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस प्रदेश में पूर्ण बहुमत में है और चार जुन को चुनाव नतीजें आने के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार और अधिक मज़बूत होगी।

घर बैठे मतदान

देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव में पहली बार एक करोड़ 70 लाख बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कोई भी मतदाता न छूटे के लक्ष्य के साथ ये पहल शुरू की है। चुनाव आयोग की टीम 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के घर पहुंचेगी और मतदान करवाएगी। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों के साथ बैठक में कहा कि घर से मतदान की सुविधा देकर आयोग ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया है।

रिहर्सल

15 अप्रैल को मनाए जाने वाले हिमाचल दिवस के राज्य स्तरीय समारोह को लेकर इन दिनों शिमला के रिज़ मैदान पर तैयारियां चल रही हैं। इस बार कार्यक्रम में पुलिस, होमगार्ड, एन.एस.एस. और एन.सी.सी सहित 14 टुकड़ियां परेड में शामिल होगी जिनका पूर्वाभ्यास जोरों पर चल रहा है। हिमाचल दिवस के मौके पर पुलिस और होमगार्ड बैंड सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व यातायात की व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए है ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।

संदेश

हिमाचल दिवस की पूर्व संध्या पर कल 14 अप्रैल को रात 8 बजे आकाशवाणी शिमला से राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल का प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा। ये संदेश आकाशवाणी शिमला, एफ.एम शिमला, एफ .एम हमीरपुर, एफ.एम. धर्मशाला और आकाशवाणी शिमला के सभी रिले केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा। वहीं दूरदर्शन केंद्र शिमला से ये संदेश कल शाम साढ़े सात बजे प्रसारित होगा।

मतदान

सोलन के जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि पहली जून 2024 को लोकसभा के लिए होने जा रहे मतदान में मतदाताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई मतदाता किसी कारण से मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकता है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन व वर्तनी की अशुद्धि को नजरअंदाज किया जा सकता है लेकिन फोटो में बेमेल होने पर मतदान नहीं किया जा सकेगा।

वहीं दूसरी ओर आज कुल्लू स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए वोटरों के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी रमन जैन और सहभागिता टीम के राज्य अध्यक्ष बीजू ने मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी और मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

पुलिस डयूटी

भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित डयूटी के लिए प्रदेश पुलिस की 12 कम्पनियों को निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए बाहरी राज्यों में तैनात किया है। चुनाव डयूटी पर जाने वाले इन सभी जवानों को मतदान केंद्र की सुरक्षा, मतदाताओं की सुरक्षा और किसी भी सम्भावित गड़बड़ी या संघर्ष से निपटने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

....